राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

## राज्यपाल ने प्रदेशवासियों से की अर्थ आवर डे में सहभागिता की अपील

# राजभवन में  कल रात्रि 8.30 बजे से 9.30 बजे तक बंद रहेंगे बिजली उपकरण

जयपुर, 25 मार्च। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र की पहल पर अर्थ आवर डे (26 मार्च) पर शनिवार को यहां राजभवन में  रात्रि 8.30 बजे से 9.30 बजे तक सभी गैर—जरूरी विद्युत प्रकाश उपकरण बंद रखे जाएंगे। राज्यपाल ने अपने संदेश में प्रदेशवासियों से भी अर्थ आवर डे में सहभागिता करने का आह्वान किया है ।

राज्यपाल श्री मिश्र ने वर्ल्ड वाइड फंड फॉर नेचर इंडिया के अर्थ—आवर जागरूकता अभियान को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि पर्यावरण की रक्षा करने के लिए बिजली की बचत करने में ही समझदारी है। उन्होंने कहा कि सभी के छोटे—छोटे प्रयास मिलकर सामूहिक तौर पर ऊर्जा संरक्षण की दृष्टि से बड़ा बदलाव ला सकते हैं।

————